# उत्तर प्रदेश के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेगा श्रीलंका

लखनऊ। श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंदा मोरागोडा ने यूपी के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि इससे यूपी और श्रीलंका के बीच संबंध और मजबूत होंगे। उच्चायुक्त ने अवस्थापना के क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को श्रीलंका की यात्रा के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंदा मोरागोडा ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान उक्त प्रस्ताव रखा। इस मौके पर दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक संबंध हैं। श्रीलंका में स्थित रामायणकालीन स्थल भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के साथ इन संबंधों को और प्रगाढ़ करते हैं। ब्यूरो